हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 5 नवंबर 2025

11 लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को सांसद सैलजा ने दी चेतावनी



12 सतनाम वाहिगुरु, बोले सो निहाल सत श्री अकाल से गूंजा शहर



## खबर संक्षेप

### दो उद्घोषित अपराधियों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फरार एवं उद्घोषित अपराधियों की धरपकड़ के लिए जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ फतेहाबाद टीम ने कार्रवाई करते हुए दो उद्घोषित अपराधियों को काबू कर संबंधित थानों को सुपुर्द किया है। पीओ स्टाफ प्रभारी निरीक्षक यादवेन्द्र सिंह ने बताया कि टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की।

### अध्यापिका के अपहरण मामले में चौथा काबू

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने स्कूल वैन रोककर अध्यापिका का अपहरण करने के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नरेन्द्र कुमार पुत्र रामनिवास निवासी ससी सुखवासी, तारानगर, जिला चुरू, राजस्थान के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उप निरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 जुलाई को कुछ नामजद व्यक्तियों द्वारा स्कूल वैन को रोककर उसकी अध्यापिका बेटी का अपहरण कर लिया गया।

### सड़क हादसे के आरोपी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने एक सड़क दुर्घटना के आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजाराम पुत्र बद्रीप्रसाद निवासी अंजली कालोनी, फतेहाबाद के रूप में हुई है ।

## डीएमसी ने कल बुलाई हाऊस की बैठक, अधिकारियों की छुट्टियां रद्द

# विकास कार्य न होने से खफा प्रधान, उपप्रधान सहित 22 पार्षद नप कैंपस में ही धरने पर बैठे

### सचिव ने अफसरी धौंस दिखाई तो पार्षदों ने बाजू पकड़कर निकाला बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विकास कार्य न होने पर खफा सोमवार से धरने पर बैठे पार्षद सुभाष नायक के समर्थन में मंगलवार को नगरपरिषद प्रधान, उपप्रधान सहित करीब 22 पार्षद उतर आए। गुस्साए पार्षदों ने नगरपरिषद कार्यालय में बैठे कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया और अपनी अफसरी धौंस में मदहोश सचिव गोबिंद कुमार गेट पर खड़े होकर पार्षदों को राजनीति न करने की सलाह दी तो इससे भडक़े पार्षदों ने बाजू खींचकर उन्हें बाहर निकाल दिया और नगरपरिषद गेट पर ताला जड़ दिया। मामला बिगड़ता देख देर शाम को एडीसी और डीएमसी अनुराग ढालिया और नगराधीश गौरव गुप्ता मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर पार्षदों को आश्वासन दिया कि 6 नवम्बर को नगरपरिषद हाऊस की बैठक बुलाई गई है जिसमें पार्षदों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही, डीएमसी ने नगरपरिषद अधिकारियों की छुट्टी भी रद्द करने का ऐलान किया। इस पर पार्षदों ने कहा कि कल तक उनका धरना जारी रहेगा।





फतेहाबाद। नगरपरिषद में धरने पर बैठे प्रधान व अन्य पार्षद। व नगरपरिषद कार्यालय के गेट पर जड़ा ताला।

### धरने पर बैठे पार्षद की बिगड़ी थी तबीयत, अस्पताल भर्ती करवाया

बता दें कि शहर के वार्ड नंबर 9 के पार्षद सुभाष नायक सोमवार सुबह नगर परिषद में एक्सईएन कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए थे। शाम 5 बजे तक भी नगर परिषद के अधिकारियों के अलावा प्रधान व उपप्रधान में से कोई भी पार्षद से मिलने नहीं पहुंचा। इससे गुस्साए पार्षद ने रातभर धरने पर ही बैठे रहने का ऐलान कर दिया। पार्षद सुभाष नायक सोमवार सुबह से लेकर शाम तक धरने पर बैठे रहे। शाम को उनका बीपी बढ़कर 180 तक पहुंच गया और उनकी तबीयत बिगड़ गई। रात को उन्हें अन्य पार्षदों ने आकर एम्बुलेंस के जरिए सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर ने उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मगर पार्षद फिर से धरने पर आकर बैठ गए और रात भर धरनास्थल पर ही रहे। मंगलवार सुबह उन्होंने भूख हड़ताल की भी घोषणा कर दी।

### पहले पुलिस, बाद में डीएमसी ताला खुलवाने पहुंचे

पार्षदों के गेटबंदी की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मचारी गेट खुलवाने पार्षदों के पास पहुंचे लेकिन बात नहीं बनी। बाद में डीएमसी अनुराग ढालिया व सीटीएम गौरव गुप्ता ने नगरपरिषद पहुंचकर धरने पर बैठे पार्षदों से बातचीत की। अधिकारियों ने पार्षदों की बात सुनने के बाद आश्वासन दिया कि 6 नवम्बर को नगरपरिषद हाऊस की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें पार्षदों की समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। डीएमसी ने छुट्टी पर गए अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए उनकी छुट्टिया तुरंत प्रभाव से रद्द करते हुए काम पर लौटने के निर्देश दिए। इस पर पार्षद ताला खोलने पर राजी हो गए। साथ ही उन्होंने ऐलान किया कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता, उनका धरना जारी रहेगा।

### वार्ड में नहीं हो रहे कोई काम : सुभाष नायक



पार्षद सुभाष नायक ने बताया कि उनके वार्ड में काम नहीं हो रहे हैं। तीन महीने पहले ब्रह्मकुमारी आश्रम पर स्ट्रीट लाइट लगाने का टेंडर हुआ था, लेकिन अभी तक लाइट नहीं लगी। तीन महीने पहले एक गली उखाड़ दी गई। मगर अभी तक उसको नहीं बनाया गया है। वार्ड की जिन गलियों का निर्माण किया जाना है, उनका जेई को बुलाकर दो महीने पहले निरीक्षण करवाया था। जेई ने पूरा मौका मुआयना कर लिया था, मगर दो महीने में जेई एस्टीमेट तक नहीं बनवा सका है। आगे क्या काम करेंगे। अधिकारियों के पास काम करने का समय नहीं है। सरकार ने काम करने के लिए अधिकारियों को लगाया हुआ है, लेकिन वो कोई सुनवाई नहीं कर रहे।

### पार्षद को मनाने में विफल रहे अधिकारी

मंगलवार को नगर परिषद के सचिव गोविंद कुमार व अन्य अधिकारी पार्षद सुभाष नायक को मनाने पहुंचे। मगर पार्षद ने काम शुरू नहीं होने तक अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया। अधिकारी उनको मनाने में विफल रहे। इसके बाद प्रधान सहित कई अन्य पार्षद भी सुभाष नायक के पास पहुंचे और उनका हालचाल जाना। इनमें नगर परिषद के प्रधान राजेंद्र खिंची, उपप्रधान सविता टुटेजा, पार्षद मोहन लाल नारंग, ज्योति मेहता, निलांशी शर्मा, राजू तूड़ेवाला, पंछी ठेकेदार, सुखदेव सिंह, हंसराज योगी, सुरेंद्र डींगवाल, अनिल गर्ग, स्नेहलता, अर्जुन कटारिया, जगदीश नायक, गुरप्रीत सिंह, राजेन्द्र आहूजा, मनोज भ्याना, कपिल खत्री, सुखदेव सिंह, किरण नारंग, रमेश गिल्होत्रा, बेअंत सिंह आदि शामिल रहे। पार्षदों ने अधिकारियों की मनमानी के विरोध में तालाबंदी का ऐलान कर दिया। इसके बाद पार्षदों ने सभी ब्रांचों में जाकर कर्मचारियों को बाहर निकलवा दिया और नगर परिषद कार्यालय के गेट पर तालाबंदी कर दी। इसके बाद नगर परिषद में सारा कामकाज ठप हो गया। नगर परिषद सचिव गोविंद कुमार गेट पर खड़े होकर पार्षदों को रोकने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान पार्षद हंसराज योगी ने कहा कि इन अधिकारियों के पास न फोन उठाने का टाइम है और न ही पार्षदों की समस्या सुनने का। इसके बाद पार्षद गुस्सा हो गए और हंसराज योगी ने हाथ पकड़ कर सचिव को साइड में कर दिया और गेट बंद कर दिया।

## गुरुनानकपुरा में व्यक्ति की मौत सीआईए पर मर्डर के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद शहर के गुरुनानकपुरा मोहल्ला में एक व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति के परिजनों ने पुलिस की सीआईए टीम पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। मृतक की पत्नी का आरोप है कि, पुलिस उनके घर में घुसी और उसके पति को मुक्के मारे। उसकी पति हार्ट का मरीज था। पुलिस की मारपीट बर्दाश्त नहीं कर सका और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के आरोपों को नकारा है। सीआईए इंचार्ज वेदप्रकाश का कहना है कि, मृतक चिट्टा बेचता था। पुलिस चिट्ठा पकड़ने गई थी। पुलिस ने ही उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया। परिजनों के आरोप बेबुनियाद है।जानकारी के अनुसार, गुरुनानकपुरा मोहल्ला निवासी जरनैल सिंह (42) अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता था। मंगलवार दोपहर बाद पुलिस की सीआईए टीम के दो कर्मचारी जरनैल सिंह के घर पहुंचे। यहां उसकी तलाशी ली गई।



### छाती में मारे मुक्के

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने चिट्टा अंदर रखा हुआ था। वह अंदर गया तो उसकी हालत बिगड़ गई। इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ा और संभालते हुए सिविल अस्पताल ले जाने लगे। इसी से उसकी तबीयत और बिगड़ गई। पुलिसकर्मी ही उसे सिविल अस्पताल लेकर आए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी मंजीत कौर ने आरोप लगाए हैं कि जिस समय पुलिस उनके घर पहुंची वह बूटीक में गई हुई थी। इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने उनके घर में घुसकर उसके पति के साथ मारपीट की। उसकी छाती में मुक्के मारे गए। इसी मारपीट के कारण उसके पति की मौत हो गई।

## चौपटा क्षेत्र हल्की बूंदाबांदी दो दिन रहेगा मौसम खराब



सिरसा । क्षेत्र में बूंदाबांदी के मौसम में ठंडक।

**चोपटा** क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मंगलवार बाद दोपहर एकाएक मौसम में बदलाव हुआ। इसके बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई। बरसात से सेमग्रस्त गांवों में नुकसान है। जहां पर गेहूं की बिजाई करने में परेशानी आएगी। वहीं दूसरी तरफ कई गांवों में बरसात से काफी फायदा मिला है। यहां पर किसानों ने सरसों व चना की बिजाई की है। मौसम में मंगलवार को अचानक बदल गया। मौसम को लेकर कृषि मौसम विज्ञान विभाग चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार ने मौसम पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के अनुसार हरियाणा राज्य में पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण आज को राज्य में मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है।

### कल से 9 तक खुश्क मौसम रहने की संभावना

इस दौरान बीच बीच में आंशिक बादलवाई तथा कुछ एक स्थानों पर गरजचमक के साथ छिटपुट बूंदाबांदी होने की भी संभावना है जिससे दिन के तापमान में हल्की कमी व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी संभावित। परंतु 6 नवंबर से 9 नवंबर के दौरान मौसम आमतौर पर खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान फिर से उत्तर व उत्तर पश्चिमी हवाएं हल्की से मध्यम गति से दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने परंतु रात्रि तापमान में हल्की गिरावट की संभावना है।

## जिला में विकास योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक

# एचएसवीपी सेक्टर में वाटर वर्क्स निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला में चल रही विकास योजनाओं, मुख्यमंत्री घोषणाओं तथा विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला के सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उपायुक्त ने कहा कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं, और सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विकास योजनाओं का लाभ लोगों तक समय पर और प्रभावी ढंग से पहुंचे। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


बैठक के दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति और मार्च माह के बाद पूर्ण हो चुके कार्यों की समीक्षा की और उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी प्रगति रिपोर्ट शीघ्र उपायुक्त कार्यालय को भेजें, ताकि जिला स्तर पर एक समग्र विकास रिपोर्ट तैयार की जा सके। उपायुक्त ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला पुस्तकालय के लिए उपयुक्त भूमि की उपलब्धता संबंधी विकल्प तलाशें, जिससे नागरिकों और विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन सुविधाएं मिल सकें।



फतेहाबाद। विकास कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

### निर्माणाधीन विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शित बरतने के निर्देश

उपायुक्त ने बताया कि नए बस अड्डे के पास 8.25 एकड़ भूमि पर राजकीय महाविद्यालय का निर्माण प्रस्तावित है। उपायुक्त ने संबंधित विभाग एचएसवीपी को इस दिशा में आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जा सके। उपायुक्त ने एचएसवीपी सेक्टर में वॉटर वर्क्स निर्माण कार्य को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने सभी एजेंसियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता को सर्वोपरि रखा जाए तथा कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। डीसी ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए गए कि जिन गांवों में जलभराव की समस्या बनी हुई है, वहां पानी निकासी के लिए पाइप और पंपों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि ग्रामीणों और किसानों को राहत मिल सके। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सरकार ने विभाग को सडक़ों की मरम्मत और रखरखाव की नोडल एजेंसी बनाया है, इसलिए विभाग को सभी विभागों से सडक़ों की स्थिति की रिपोर्ट प्राप्त कर एकीकृत रिपोर्ट तैयार करे, ताकि जिला की सडक़ व्यवस्था मजबूत और सुचारु बन सके। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिन विद्यालयों में कक्षा भवन जर्जर स्थिति में हैं, उन्हें नियमानुसार कंडम घोषित करके नए निर्माण के प्रस्ताव तैयार किए जाएं।




# रोमांस के बाद एडल्ट कॉमेडी लेकर आए मिलाप जावेरी

**मंबई।** रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी की एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती का चौथा भाग 'मस्ती 4' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 3 मिनट 4 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि फिल्म का कॉन्सेप्ट एक बार फिर एडल्ट कॉमेडी ही है। जहां फिल्म के तीनों प्रमुख कलाकार रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी एडल्ट जोक मारते नजर आएंगे। ट्रेलर में भी कई तरह के एडल्ट जोक सुनाई दे रहे हैं। मस्ती 4 का निर्देशन रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' फेम निर्देशक मिलाप जावेरी ने किया है।

लाइफ Style

# यामी

## मेरे लिए दर्शक ही सबसे बड़ा पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हक को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। हक अपनी रिलीज के करीब है और यामी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। विकी डोनर से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने अपने कॅरियर में कई सराहनीय भूमिकाएं भी निभाई हैं।

अब यामी ने कोई बड़ा अवॉर्ड न जीत पाने पर कहा कि इन पुरस्कारों को खोना उन्हें परेशान नहीं करता। इस दौरान भगवत गीता का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जितना मैंने भागवत गीता को समझा है, भगवान कृष्ण ने अर्जुन से जो कहा वह सच है। ऐसा नहीं है कि मैं सबसे आदर्श इंसान की तरह इतनी अलग हो गई हूं, लेकिन अगर आपमें सफलता और हारने के डर से अलग होने या किसी और के नजरिए से मान्यता पाने की क्षमता है, तो आप ठीक हैं। मैंने किसी से किसी भी तरह की मान्यता लेना बंद कर दिया है। अगर अवॉर्ड मिलता है तो मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं, वरना शायद नहीं हूं। ऐसा मेरे साथ बिल्कुल भी नहीं है। साल 2013 में आई अपनी पहली फिल्म विकी डोनर के लिए यामी ने बेस्ट डेब्यू फीमेल के कई अवॉर्ड जीते थे। लेकिन, उसके बाद कई बड़े अवॉर्ड्स में नामित होने के बाद भी, यामी उन्हें जीत नहीं पाईं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि अब वह दर्शकों की प्रतिक्रिया से अपनी मान्यता लेती है। मेरे दर्शक मुझे प्यार करते हैं, कुछ निर्देशक और निर्माता मुझ पर दांव लगाने को तैयार हैं, इससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए क्या है। बाकी सब आना जाना है। लेकिन अगर यह किसी को खुश करता है, तो बढ़िया।



## हॉलीवुड मसाला



# जोनाथन को मिला अजीब टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन बेली को पीपल मैगजीन ने सेक्सिएस्ट मैन अलाइव 2025 का खिताब दिया है। यह जानकारी सोमवार को जिमी फॉलन के शो में शेयर की गई। इस बात की जानकारी जब जोनाथन बेली को लगी तो उन्होंने अपना रिएक्शन दिया। जिमी फॉलन के शो में ब्रिटिश एक्टर जोनाथन बेली ने बताया कि अपने नए खिताब की जानकारी उन्हें साल की शुरुआत में मिली। वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं, मैं खुश हूं कि 2025 में पीपल मैगजीन ने मुझे इस खिताब के लिए चुना। मैं इस अचीवमेंट की कद्र करता हूं।




# चाइनाटाउन और वाइल्ड हार्ट से जीता दर्शकों का दिल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस डायने लैड अब इस दुनिया में नहीं हैं। 200 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अमेरिकी एक्ट्रेस का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। चाइनाटाउन और वाइल्ड एट हार्ट जैसी फिल्मों से दिल जीतने वाली डायने लैड के निधन ने हर किसी को सदमे में डाल दिया है। तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन पा चुकीं एक्ट्रेस की बेटी लॉरा डर्न ने मां के निधन की पुष्टि करते हुए दुखद खबर शेयर की है। लॉरा डर्न ने मां को अद्भुत अभिनेत्री और मां के रूप में एक उपहार बताया है। डायने लैड का वायरल हो रहा आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट कई हफ्ते पहले, 17 सितंबर, 2025 का है। इसमें उन्होंने फैंस के साथ यह खबर शेयर की थी कि उनकी 2020 की फिल्म 'द लास्ट फुल मेजर' को कई प्लेटफार्मों पर ओटीटी रिलीज मिली है।



# एक बार फिर अपराध को मिटाने निकलीं

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज 'दिल्ली क्राइम' अपने नए सीजन के साथ वापस लौट रहा है। अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया है। जिसे देखकर पता चलता है कि इस बार कहानी पिछले दोनों सीजन से ज्यादा इंटेंस और खतरनाक होने वाली है। इस बार डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) का मुकाबला हुमा कुरैशी से होगा। तीसरे सीजन में कहानी दिल्ली से आगे निकलती है। 2 मिनट 31 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि देश के अलग-अलग राज्यों की लड़कियों की तस्करी की जा रही है। इन लडकियों के बेचने का काम हुमा (बड़ी दीदी) करती हैं। इस गिरोह का पर्दाफाश करने की जिम्मदारी शेफाली (डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी) को मिलती है। बड़ी दीदी को पकड़ने के लिए डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ लग जाती हैं।




# हिंदी फिल्म में काम करेंगे दग्गुबाती

**मुंबई।** बाहुबली फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी स्पिरिट मीडिया ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे। राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर' का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म की कहानी भारत की पृष्ठभूमि में नैतिक समझौतों, महत्वाकांक्षाओं और मानवीय रिश्तों की नाजुकता को दर्शाती है।

## टीवी मसाला





# मॉर्डन लव की जर्नी दिखाएगा शो स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' से करण कुंद्रा को पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल का हिस्सा बने। आगे चलकर रियलिटी शो के होस्ट के तौर पर भी नजर आए। एमटीवी के रोडीज और लव स्कूल को करण कुंद्रा होस्ट कर चुके हैं। जल्द ही वह 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को होस्ट करेंगे। शो में उनकी को-होस्ट सनी लियोनी हैं। 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को लेकर करण कुंद्रा काफी एक्साइटेड हैं। एक बातचीत में कहते हैं, 'मैं 6 साल बाद एमटीवी पर वापस आ रहा हूं, यह बिल्कुल घर लौटने जैसा है। स्प्लिट्सविला शो तो मुझे हमेशा पसंद है। यह शो मॉर्डन लव की जर्नी को दिखाता है। स्प्लिट्सविला के नए सीजन को सनी लियोनी के साथ होस्ट करना एक शानदार एक्सपीरियंस होगा। मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि कंटेस्टेंट्स क्या नए ट्विस्ट शो में लेकर लाते हैं। मुझे भरोसा है कि यह सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होगा, सरप्राइज से भरा होगा। करण कुंद्रा ने तनुज विरवानी को स्प्लिट्सविला के नए सीजन में रिप्लेस किया है। जहां तक शो के कॉन्सेप्ट की बात है तो इसमें यंग लड़के, लड़कियां एक विला में साथ रहते हैं। यहां पर वह किसी खास शख्स के प्यार को पाने की कोशिश करते हैं। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स को कई टास्क भी दिए जाते हैं। शो के आखिरी में एक कपल को विनर बनाया जाता है।

## बिग बॉस 19 बन गया जंग का मैदान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के अपकमिंग एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। शहबाज का पारा इन वीडियो में काफी गर्म नजर आ रहा है। वह मालती चाहर और तान्या मित्तल से बहसबाजी करते दिख रहे हैं। प्रोमो वीडियो में मालती चाहर ने शहबाज को कहा कि वह अमाल का सहारा ले रहा है। इस पर शहबाज ने मालती को दोगला कहा। शहबाज का कहना था कि कम से कम वह किसी के कंधे पर रखकर बंदूक तो नहीं चलता है।



दोनों की यह बातचीत धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। अमाल मलिक ने बीच में आकर दोनों को चुप कराना चाहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक और प्रोमो वीडियो में तान्या मित्तल को भी शहबाज ने काफी कुछ सुनाया। वह कहते हैं, 'मैं बताता हूं तान्या की सच्चाई। यह हर बात पर रोती है, लोगों को बताना चाहती है कि मैं कितनी अच्छी हूं।' आगे अशनूर ने भी तान्या पर तंज कसा कि वह सिम्पेथी कार्ड खेल रही है। पिछले हफ्ते बिग बॉस 19 से स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे बाहर हुए। इस हफ्ते भी कई प्रतियोगी घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट होंगे। इन दिनों शो में सबसे ज्यादा चर्चा में सिंगर अमाल मलिक, तान्या मित्तल और मालती चाहर हैं।

# आलिया-शर्वरी की फिल्म अल्फा की रिलीज टली

**मुंबई।** आलिया भट्ट, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल स्टारर अल्फा की रिलीज टल गई है। वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह एक्शन एंटरटेनर पहले इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसे अगले साल अप्रैल, 2026 तक के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब यह फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी। बताया गया है कि फिल्म के वीएफएक्स का काम अभी बाकी है और इसे बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देने के लिए अभी और वक्त लगेगा। 'अल्फा' के साथ ही 'स्पाई यूनिवर्स' में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ की एंट्री होने वाली है। इस फिल्म में अनिल कपूर भी नजर आएंगे, जो हाल ही फ्रेंचाइज की फिल्म 'वॉर 2' में भी नजर आए थे। 'अल्फा' को पोस्टपोन करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब फ्रेंचाइजी की पिछली दो फिल्में 'वॉर 2' और 'टाइगर 3' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाईं। समझा जा रहा है कि मेकर्स ऐसे में सीरीज की अगली फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यशराज फिल्म्स के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा है, 'अल्फा, हमारे लिए बेहद खास फिल्म है और हम इसे सबसे बेहतरीन सिनेमाई अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करना चाहते हैं। हमें एहसास हुआ कि वीएफएस में पहले के अनुमान से अधिक समय लगेगा। हम इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं और अल्फा को एक ऐसी थिएट्रिकल एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं, जिसे लोग याद रखें।




# किंग में शाहरुख का विलेन राघव और अभिषेक से तगड़ी भिड़ंत, बाप-बेटी मचाएंगे तबाही

*शाहरुख खान ने अपने 60वें जन्मदिन पर अपनी फिल्म 'किंग' के टाइटल को रिलीज किया। अब फिल्म से जुड़ी कुछ बातें निकलकर सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी बात ये है कि फिल्म में दो टाइमलाइन होगी। शाहरुख की लाइफ के अलग-अलग फेज दिखाए जाएंगे।*

**मुंबई।** एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान के 'किंग' की दो अलग-अलग टाइमलाइन होंगी। कथित तौर पर, एक्टर अपनी लाइफ के कई फेजेस में अपना किरदार निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख खान के किरदार का यंग वर्जन राघव जुयाल से लड़ेगा, जो कथित तौर पर एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस बीच, रिपोर्ट के अनुसार बड़े किंग विलन अभिषेक बच्चन से भिड़ेंगे। शाहरुख और अभिषेक कई सालों बाद फिर से पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार कभी अलविदा ना कहना और हैप्पी न्यू ईयर में साथ काम किया था। वहीं, राघव जुयाल ने हाल ही में शाहरुख के बेटे आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली फिल्म द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से सभी को चौंका दिया था। इस फिल्म से शाहरुख की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। उन्होंने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पिता-बेटी की इस जोड़ी के अलावा, फिल्म में अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी, जयदीप अहलावत, जीशु सेनगुप्ता, अक्षय ओबेरॉय, राघव जुयाल, अभय वर्मा और सौरभ शुक्ला भी हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



## बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया

# क्रिकेट बोर्ड के पास नहीं थे पैसे, तब इस एक्ट्रेस ने खुद उठाया पूरा खर्चा

***नई दिल्ली।** वो अक्सर कैमरे के सामने मुस्कुराती दिखती थीं। कभी क्रिकेट शो होस्ट करते हुए, कभी किसी इवेंट में अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचते हुए। लेकिन, किसी को नहीं पता था कि कैमरे के पीछे वो कुछ ऐसा कर रही थीं, जो इतिहास में दर्ज हो जाएगा। 2000 के दशक की शुरुआत में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास फंड नहीं था, तब एक टीवी स्टार और एक्ट्रेस ने चुपचाप मदद का हाथ बढ़ाया। आखिर कौन थीं वो बॉलीवुड की इनविजिबल स्पॉन्सर? अगर आप अब तक समझ नहीं पाए हैं तो आपको बता दें कि वह कोई और नहीं, बल्कि बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस मंदिरा बेदी हैं।*



### जब पैसों से नहीं दिल से हुई मदद

दरअसल, मंदिरा बेदी ने उस वक्त महिला क्रिकेट टीम को संभाला जब उनके पास जर्नी तक के पैसे तक नहीं थे। उन्होंने अपनी कमाई, यानी पूरी एंडोर्समेंट फीस, टीम को दे दी ताकि खिलाड़ी विदेश में खेल सकें, टिकट खरीद सकें और तैयारी जारी रख सकें। इतना ही नहीं, उन्होंने एक ज्वेलरी ब्रांड को भी टीम के स्पॉन्सर के रूप में जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। ये किसी फिल्मी सक्रिप्ट जैसा था, जहां ग्लैमर वर्ल्ड की स्टार पर्दे के पीछे असली हीरो बन गईं।

### जिसने बदलाव की नींव रखी

मंदिरा बेदी की ये मदद उस समय किसी चमत्कार से कम नहीं थी। जब महिला क्रिकेट को लेकर किसी को भरोसा नहीं था, तब उन्होंने बिना किसी शोर के अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। उनकी वजह से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला, टीम टूटी नहीं, बल्कि और मज़बूत होती गई। वक्त बीतता गया, हालात बदले और आखिर 2006 में बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट को अपने अधीन ले लिया। तब जाकर दुनिया को समझ आया कि कभी किसी ने चुपचाप इस सपने को ज़िंदा रखा था। मंदिरा बेदी ने बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया।



## खबर संक्षेप

### दहेज के लिए मारपीट करने वाला पति काबू

**फतेहाबाद।** भुना पुलिस ने दहेज के लिए पत्नी से मारपीट करने वाले पति आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संजय गोदारा पुत्र वैद प्रकाश निवासी जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान) के रूप में हुई है। थाना भुना प्रभारी उप निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि पीड़िता ने थाना भुना में शिकायत दर्ज कराई कि उसके पति व ससुराल पक्ष के नामजद सदस्यों द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की गई।

### अब तक 3,47,070 एमटी धान की खरीद

**सिरसा।** जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 347070 मीट्रिक टन (एमटी) धान की खरीद की जा चुकी है। कुल आवक में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 162869 एमटी, हैफेड द्वारा 148518 एमटी तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 35683 एमटी खरीद की गई है।

### घर में घुसकर मारपीट करने वाला दबोचा

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रेशम सिंह पुत्र सतपाल सिंह निवासी कमाणा, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र हुड्डा ने बताया कि शिकायतकर्ता हीरा सिंह पुत्र बिट्टू सिंह पुत्र दलीप सिंह निवासी बुर्जे, तहसील रतिया ने थाना सदर रतिया में शिकायत दर्ज करवाई थी कि कुछ नामजद व्यक्तियों ने उसके घर में घुसकर मारपीट की। शिकायत के आधार पर थाना सदर रतिया में मामला दर्ज किया गया।

### बच्चों को खेलों का दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

**सिरसा।** स्पोर्ट्स एंड फिटनेस फाउंडेशन द्वारा लगभग 160-170 बच्चों को कबड्डी, कुश्ती, एथलेटिक्स व अन्य खेलों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ट्रस्ट के प्रधान, नेशनल कबड्डी खिलाड़ी व कोच कुलदीप सिंह ने बताया कि फाऊंडेशन के प्रयासों को देखते हुए, समाजसेवी कृष्ण और सेक्ट्री राम सिंह ने सिरसा-भादरा मार्ग पर बच्चों को खेलने के लिए निःशुल्क स्थान उपलब्ध करवाया है। समाजसेवी कृष्ण, राम सिंह, पूर्व पार्षद देवेंद्र व पार्षद प्रतिनिधि मुकेश रोहिल्ला ने मंगलवार को खेल मैदान में पहुंच कर बच्चों का हौंसला बढ़ाया व खिलाडिय़ों को फल भी बांटे।

### राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए 16 दिसंबर तक आवेदन

**सिरसा।** हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं से राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए 16 दिसंबर तक सिफारिशें आमंत्रित की गई हैं। इन पुरस्कारों के लिए आवेदन के लिए आवेदक अपना संपूर्ण बायोडाटा सहित संबंधित खंड के महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में 16 दिसंबर तक जमा करवाएं ताकि आगामी प्रक्रिया की जा सकें। गौरतलब है कि विभाग द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है और यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को प्रदान किए जाते हैं।

### जिले में निरंतर चलाया जा रहा सफाई अभियान

**सिरसा।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत जिले की सभी नगर परिषदों व नगर पालिकाओं में सफाई अभियान लगातार चलाया जा रहा है। नगर निकायों की गाडियां डोर-टू-डोर जाकर घरों से कूड़ा उठाने का कार्य कर रही हैं। सार्वजनिक स्थानों, बाजारों और रिहायशी इलाकों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त वीरेंद्र सहरावत ने बताया कि स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से नहीं बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास सफाई बनाए रखें।

---

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा

# लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को सांसद सैलजा ने दी चेतावनी

- बैठक का एजेंडा देरी से पहुंचने के लिए उपायुक्त से जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा



सिरसा। दिशा की बैठक को संबोधित करती सांसद कुमारी सैलजा।

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने मंगलवार को सिरसा के पंचायत भवन में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में कार्य में लापरवाही बरते जाने पर अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आगे से ऐसा नहीं होना चाहिए, बैठक में पूरी तरह से अपडेट होकर आए और विकास कार्यो की स्थिति क्या है, काम क्यों रोका गया, क्यों देरी हो रही है के जवाब के साथ आए। साथ ही उन्होंने बैठक का एजेंडा देरी से पहुंचने के लिए उपायुक्त से नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जो भी इस कार्य को देखता है उसे हिदायत दी जाए कि आगे से ऐसा न किया जाए। एजेंडा और एक्शन टेकन रिपोर्ट देखकर ही बैठक की कार्यवाही निर्भर होती है। बैठक के शुरुआत में सांसद सैलजा ने उपायुक्त से शिकायत भरे लहजे में कहा कि बैठक से एक दो दिन पहले ही एजेंडा और एटीआर पहुंचाई गई है, कम से कम एक सप्ताह पूर्व इन्हें पहुंचाया जाए क्योंकि बैठक की कार्यवाही इसी पर निर्भर होती है। बैठक में रेलवे विभाग से जुड़े कार्यो की समीक्षा की गई। सांसद ने रेलवे अधिकारी से पूछा कि सिरसा में एक आरओबी और दो यूआरबी बनने है, इन पर कम तक काम शुरू होगा और काम कब संपन्न होगा, जब एक साल पहले टेंडर जारी हो गए थे तो निर्माण में किस कारण से देरी हो रही है। कंगनपुर फाटक और गांव बाजेकां में अंडर ब्रिज की स्थिति क्या है कब तक बनने है। सिरसा में अमृत भारत योजना के तहत फुट ओवर ब्रिज का निर्माण होना है, पहली मीटिंग जो 16 अप्रैल को हुई उसमें कहा गया कि 31 जुलाई तक काम पूरा कर लिया जाएगा, इसके बाद तीन जुलाई को हुई मीटिंग में कहा गया कि 31 दिसंबर तक काम पूरा हो जाएगा और चार नवंबर को होने वाली मीटिंग के एजेंडे में कहा गया है कि निर्माण कार्य 30 जून 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। ऐसा लग रहा है कि फुट ओवर ब्रिज का निर्माण को लेकर विभाग गंभीर नहीं है और तारीख पर तारीख देकर काम को आगे सरकाया जा रहा है। इस पर रेलवे अधिकारी ने कहा कि आरओबी और आरयूबी का काम शुरू हो चुका है।

**कालांवाली रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण जल्द होगा पूरा**

सांसद ने कहा कि गुड शेड अंडर एडीईएन /सिरसा के तहत कालांवाली रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण के बारे में पहले 03 जुलाई 2025 को हुई बैठक में कहा गया कि काम 31 जुलाई 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। चार नवंबर यानि आज की बैठक के एजेंडे में कहा गया है कि का 31 जनवरी 2026 तक काम पूरा हो जाएगा। रेलवे अधिकारी ने कहा कि यह काम जल्द पूरा हो जाएगा। सांसद कुमारी सैलजा ने बैठक थेहड़ विस्थापितों को मूलभूत सुविधाएं न दिए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सांसद ने कहा कि थेहड से विस्थापित किए गए 750 परिवार को सेक्टर-19 के फ्लेटस में बसा दिया गया। जहां पर ये नरक जैसा जीवन व्यतीत कर रहे है, न तो उन्हें शुद्ध पीने का पानी मिल रहा है और न ही सीवर की सफाई की जा रही है। सांसद ने वहां की बदहाली और गंदगी की फोटो सभी को दिखाई और ये फोटो उपायुक्त को सौंपते हुए कहा कि जब तक स्थायी आवास का प्रबंध नहीं हो जाता तब तक वहां विस्थापितों को सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाए।

**घटिया सामग्री प्रयोग करने वाले ठेकेदार पर हो कार्रवाई**

सांसद सैलजा ने स्ट्राम वॉटर ड्रेनेज सिस्टम को लेकर मिल रही शिकायतों को लेकर कहा कि जल निकासी को लेकर सिरसा नगर में अमरूत योजना के तहत पाइप लाइन डाली जा रही है, इस पाइप लाइन को डालने के लिए नगर में सडक़ और गलियों को तोड़ा गया, पाइप लाइन डालने के बाद सडक़ो और गलियों की मरम्मत तक नहीं कराई गई जिससे हादसे हो रहे है, एक नवंबर की शाम को सिरसा अनाजमंडी में पाइप लाइन डालकर सडक़ों की मरम्मत तक नहीं करवाई गई। जहां पर भविष्य में पाइप लाइन डाली जानी है यहां पर ट्रेंचलैस पद्धति का प्रयोग किया जाए। साथ ही घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करने वाले ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**बैठक में ये रहे मौजूद**

बैठक में डबवाली विधायक आदित्य देवीलाल, उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---



फतेहाबाद। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते दुष्यंत चौटाला।

# संगठन के विस्तार के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई : दुष्यंत चौटाला

- फतेहाबाद में अजय चौटाला व पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने ली जिला कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

जननायक जनता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने मंगलवार को फतेहाबाद में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान सम्मेलन में जेजेपी के जिला व ब्लॉक स्तर के हाल ही में नियुक्त किए गए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान अजय चौटाला व दुष्यंत चौटाला ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को कहा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि संगठन के विस्तार व हर बूथ तक ले जाने के लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आज सरकार के राज में कमेरे व आम आदमी को भय की स्थिति में रहना पड़ रहा है। लॉ एंड ऑर्डर के साथ-साथ लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर महिलाओं को धोखा देने का काम सरकार ने किया है। रेवेन्यू विभाग ने रजिस्ट्री के नाम पर फीस बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में किसान इतना परेशान है कि पिछले पांच साल में नहीं हुआ है। बाढ़, जलभराव से किसानों की फसल बर्बाद हो गई, लेकिन आज तकमुआवजा नहीं मिला है। किसानों की फसल में नमी आदि दिखाकर उनकी फसल को कम दामों में खरीदा जा रहा है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला प्रभारी अजीत ओडियम, सर्वजीत मसीता, राजेंद्र लितानी, राष्ट्रीय महासचिव कुलजीत कुलडिया, जिला प्रधान रविन्द्र बैनीवाल, पंकज झाझड़ा, हल्का अध्यक्ष सुभाष गोरछिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# 12.22 लाख की साइबर ठगी के तीन आरोपी गिरफ्तार

- शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर पैसा इंवेस्ट करके मुनाफा कमाने का दिया लालच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा



सिरसा। साइबर ठगी के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

साइबर क्राइम थाना की विशेष टीम ने साइबर ठगी के तीन आरोपियों को राजस्थान के फलौदी जिला से काबू किया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर पैसा इंवेस्टमेंट करने के नाम पर मोटा मुनाफे का लालच देकर रानियां थाना क्षेत्र के गांव में एक व्यक्ति से करीब 12 लाख 22 हजार 165 रुपए का साइबर फ्रॉड करने के मामले में संलिप्त तीन युवकों को राजस्थान के फलौदी जिला से काबू किया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 अक्तूबर 2025 को किसी अज्ञात नंबरों से उसके मोबाइन फोन पर फोन आया और फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आप हमारे टेलिग्राम एप से जुडक़र शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर मोटा मुनाफे का कमा सकते हो। पीड़ित व्यक्ति साइबर अपराधियों के झांसे में आ गया और साइबर अपराधियों द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक कर कम समय में बड़ा मुनाफा कमाने के चक्कर में आ गया और धीरे-धीरे टेलिग्राम एप पर पैसे इंवेस्टमेंट करने लगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति पैसों के लालच में आकर पूरी तरह से साइबर अपराधियों के चुंगल में फं स गया और उसने टेलिग्राम एप पर मोटी रकम लगाकर कुल 12 लाख 22 हजार 165 रुपए इंवेस्टमेंट कर दिए। पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर साइबर पुलिस स्टेशन सिरसा में बीती 12 अक्टूबर 2025 को साइबर ठगी का अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विष्णु कुमार निवासी जिला बीकानेर हाल सोनलपुरा रोनेरी राजस्थान, अभिषेक कुमार राम निवासी मारिया बरोड़ा की ढाणी मंजासर जिला फलौदी, राजस्थान व अनिल पुत्र बाबू लाल निवासी जमनगर मियां जिला फौलादी, राजस्थान के रुप में हुई है।

**हिरासत में भेजा**

*उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों युवकों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है उन्होंने बताया कि अभियोग की जांच जारी है, और जांच के दौरान जो भी व्यक्ति ठगी के इस नेटवर्क में संलिप्त पाया गया उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।*

---

ऑपरेशन जीवन ज्योति

# नशे के सौदागरों की धरपकड़ को लेकर तलाशी अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया



रतिया। शहर में तलाशी अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत रतिया पुलिस ने मंगलवार को तीसरे दिन भी नशे के सौदागरों की धरपकड़ को लेकर तलाशी अभियान जारी रखा। डीएसपी रतिया नर सिंह के नेतृत्व में मंगलवार तडक़े पुलिस बल ने रतिया शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में, डॉग स्क्वाड, स्वेट टीम और कमांडो दस्ते के साथ मिलकर सघन तलाशी अभियान चलाया। सुबह के समय से ही पुलिस के एक्शन ने क्षेत्र में हडक़ंप मचा दिया। मुख्य चौक, बस स्टैंड, बाईपास, बाजारों और अन्य संवेदनशील स्थानों व ग्रामीण क्षैत्र पर पुलिस ने संदिग्ध वाहनों, राहगीरों और ठिकानों की गहन तलाशी ली गई। डॉग जैक और रैम्बो की पैनी सूंघ और कमांडो दस्ते की त्वरित कार्रवाई से नशा तस्करों में अफरा-तफरी मच गई। कई स्थानों पर पुलिस की सख्त चेकिंग ने न केवल अपराधियों में खौफ पैदा किया, बल्कि लोगों में सुरक्षा और जागरूकता का मजबूत संदेश भी पहुंचाया। डीएसपी नर सिंह ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नशा कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जाएगा। पुलिस पूरी सख्ती के साथ इस जहर के व्यापार को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि यदि किसी को नशे के कारोबार या सेवन से जुड़ी कोई भी जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

---

### श्रीमद्भागवत गीता हमें कर्मशील होना सिखाती : डॉ. सुभाष



**सिरसा।** स्थानीय ब्रह्मांकुमारीज संस्थान आनंद सरोवर में जारी चार दिवसीय जीवन का आधार, गीता का सार कार्यक्रम के दूसरे दिन जिला परिषद सीईओ डॉ. सुभाष ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मां हमें हर परिस्थिति में मार्गदर्शन देती है, ठीक उसी प्रकार गीता माता भी हमें अपने कर्मपथ पर बढ़ते रहने का संदेश देती है। जीवन में आने वाली आने वाली परिस्थितियों का संयम से सामना करते हुए सत्यता के पथ पर सदा आगे बढते रहना ही गीता की मूल शिक्षा है। इस अवसर पर राजयोगिनी वीणा ने गीता के श£ाकों के माध्यम से परमात्मा के द्वारा उच्चारित महावाक्यों के प्रति आस्था बढाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दबाव और तनाव से मुक्त, स्थिर और संतुलित जीवन के लिए गीता में वर्णित ईश्वरीय मार्गदर्शन को बहुत सरल ढंग से विस्तृत किया और कहा कि हमारी व्यवस्थित दिनचर्या और मनचर्या के लिए इस पवित्र ग्रंथ में हर प्रकार का परामर्श उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि परमात्मा स्वयं कहते हैं कि मैं सूर्य, चांद, तारों के भौतिक जगत से अलग अभौतिक परमशक्ति हूं जिसे भौतिक नेत्रों से नहीं देखा जा सकता।

---

# चोरीशुदा सामान बरामदी के मामले में व्यापारियों ने एसपी का किया धन्यवाद

- गांव माजरा स्थित कपड़ों के शोरूम में हुई थी लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



फतेहाबाद। एसपी का धन्यवाद करते गांव माजरा के कपड़ा व्यापारी।

गांव माजरा स्थित कपड़ों के शोरूम में हुई चोरी की घटना का फतेहाबाद पुलिस ने तत्परता और प्रभावी कार्रवाई के साथ खुलासा करते हुए चोरीशुदा सामान बरामद किया। इस सफलता पर कपड़ा व्यापारी अनिल, सुनील, रमन, राधेश्याम और घनश्याम ने पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन से उनके कार्यालय में भेंट कर पूरी पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। व्यापारियों ने कहा कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई, पेशेवर दक्षता और पारदर्शिता ने व्यापारिक समुदाय में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया है। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और व्यापारिक गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें तथा अपने दुकानों या घरों में कार्यरत नौकरों का चरित्र सत्यापन अवश्य करवाएं, ताकि आपराधिक प्रवृत्ति के तत्वों की पहचान समय रहते की जा सके और किसी भी घटना को पहले ही रोका जा सके।

---



### सीडीएलयू में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के पंजाबी विभाग द्वारा हरियाणा का पंजाबी साहित्य विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि हरियाणा की सांस्कृतिक और भाषाई परंपरा में पंजाबी साहित्य का विशेष स्थान है। पंजाबी भाषा न केवल हरियाणा की लोक संस्कृति का अभिन्न अंग है, बल्कि इसने समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना को भी सशक्त बनाया है। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को भाषा-संवर्धन एवं सांस्कृतिक संवाद का सशक्त माध्यम बताया। इस कार्यक्रम में तीन तकनीकी सत्र रखे गए। प्रो. रवैल सिंह कहा कि बहुत संघर्ष के बाद पंजाबी अकादमी का गठन हुआ। पंजाबी को दूसरी भाषा का दर्जा दिया गया और इसे दूसरी भाषाओं के अधीन किया गया। उन्होंने दिल्ली और प्रवासी साहित्य का हवाला देते हुए अंकलिकता के नजरअंदाज होने के बारे में बताया। वक्ताओं ने हरियाणा के पंजाबी लेखकों की रचनात्मक उपलब्धियों और समकालीन साहित्य में उनकी भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। तीसरे सत्र का संचालन डॉ. मनप्रीत ने किया। इस अवसर पर पाल कौर ने मुख्य वक्ता के रूप भाग लिया। सतनाम सिंह जस्सल, हरसिमरन रंधावा, केसरा राम, प्रिंसिपल बूटा सिंह, हरविंद्र सिंह, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से कुलदीप सिंह, पंकज शर्मा ने दूसरे सत्र में मुख्य मेहमान के रूप में भाग लिया।

---

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा




सिरसा। भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हेल्थ एंड फिटनेस कलब तथा फूड एंड न्यूट्रिशन अवेयरनेस क्लब और इक्वल ओपोरचयुनीटी सेल के संयुक्त तत्वाधान में बीती 27 अक्तूबर से बीती 2 नवंबर तक राष्ट्रीय जागरूकता सप्ताह मनाया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने कहा कि भ्रष्टाचार समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। इसे समाप्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक को ईमानदारी और निष्ठा के साथ योगदान देना चाहिए। सर्वप्रथम जागरूकता अभियान के तहत भ्रष्टाचार के विरूद्ध कॉलेज परिसर में एक रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध नारे जैसे-ईमानदारी अपनाओ, भ्रष्टाचार मिटाओ, भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना है, भारत को नया बनाना है इत्यादि, लगाकर जागरूकता का संदेश दिया। इसके पश्चात भ्रष्टाचार को समाप्त करने की प्रतिज्ञा लेते हुए कहा कि वे न तो भ्रष्टाचार करेंगे और न ही किसी को करने देंगे। इंचार्ज डॉ. संदीप शर्मा और नीलम वर्मा ने बताया कि भ्रष्टाचार से न केवल आर्थिक नुकसान होता है बल्कि सामाजिक न्याय और नैतिक मूल्यों में भी गिरावट आती है। अत्यधिक पारदर्शी, निष्पक्ष समाज का निर्माण करने के लिए हमें अत्यधिक ठोस प्रयास करने चाहिए।

---

# जिला स्तरीय यूथ फेस्टीवल का समापन, महिला कॉलेज रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



फतेहाबाद। यूथ फेस्टीवल में विजेता टीमों को सम्मानित करते एसपी सिद्धांत जैन।

भोडिया खेडा महिला महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय युथ फेस्टिवल का मंगलवार को समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने भाग लिया। आईटीआई भोडिया के प्रिंसिपल रमेश कुमार, धांगड़ सरकारी आईटीआई के प्रिंसिपल सुभाष भोरिया और महाविद्यालय प्रिंसिपल लखबीर कौर ने एसपी का स्वागत किया। समारोह के दौरान छात्राओं ने नृत्य, संगीत, कला, वक्तृत्व और खेलों में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यूथ फेस्टीवल में चौधरी मनीराम गोदारा महिला महाविद्यालय, भोडिया ने प्रथम स्थान, जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेडी ने द्वितीय तथा सरकारी आईटीआई, भोडिया खेडा ने तृतीय स्थान हासिल किया। एसपी सिद्धांत जैन ने अपने संबोधन में युवाओं के सशक्तिकरण, सकारात्मक गतिविधियों और सामाजिक जिम्मेदारी पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसमें नैतिक मूल्य, नेतृत्व कौशल और समाज सेवा की भावना भी शामिल होनी चाहिए। एसपी ने कहा कि ऐसे युथ फेस्टिवल केवल प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं हैं, बल्कि ये छात्रों के आत्मविश्वास, टीम वर्क और सामाजिक चेतना को विकसित करने का अनूठा अवसर भी प्रदान करते हैं।

**युवाओं से अपील**

*साथ ही युवाओं से अपील की कि वे डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन को दें। पुलिस अधीक्षक ने छात्रों के अनुभव सुने और आश्वासन दिया कि पुलिस एवं शिक्षा संस्थान मिलकर युवाओं के लिए भविष्य में और भी सुरक्षित, सकारात्मक और रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।*

## गुरु नानकदेव के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में निकाला नगर कीर्तन

# सतनाम वाहे गुरु, बोले सो निहाल सत श्री अकाल, जयघोष से गूंजा फतेहाबाद शहर

पांच प्यारों की अगुवाई में जगजीवनपुरा स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा से शुरु हुई







फतेहाबाद। नगर कीर्तन फूलों से सजी पालकी व नगर कीर्तन की अगुवाई करते पांच प्यारे व नगर कीर्तन में गतका प्रस्तुत करते यूथ खालसा सोसायटी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

आओ नगर कीर्तन दे दर्शन पाईये, फुलां वाली पालकी च सतगुर आए ने, सतनाम वाहेगुरु, बोले सो निहाल सत श्री अकाल आदि जयघोष से शहर गुंजायमान हो उठा। मौका था गुरुनानक देव के प्रकाश दिवस के उपलक्ष्य में निकाले गए नगर कीर्तन का। पांच प्यारों की अगुवाई में जगजीवनपुरा स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा से शुरु हुआ नगर कीर्तन बीघड़ रोड़, गुरुद्वारा नामधारी, बीघड़ मोड़, राष्ट्रीय राजमार्ग, लालबत्ती चौक, पुराना बस स्टैंड़, हंस मार्केट, फव्वारा चौक, थाना रोड, जवाहर चौक, डीएसपी रोड, खेमा खाती रोड़ से होते हुए भूना रोड, ऑटो मार्केट होते हुए जाट धर्मशाला के पास से वापिसी जगजीवनपुरा स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में जाकर ठहराव हुआ। नगर कीर्तन के स्वागत के लिए जगह जगह तौरण द्वार लगाए गए तथा श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत कर प्रशाद वितरित किया गया। इस अवसर पर यूथ खालसा सोसायटी के सदस्यों द्वारा गतका भी प्रस्तुत किया गया। गुरुग्रंथ साहिब की पालकी के मार्ग में आने वाले रास्ते की श्रद्धालु सफाई करते हुए जा रहे थे। इस अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारी प्रधान अजीत सिंह सचदेवा, महासचिव महेंद्र सिंह वधवा, महेंद्र सिंह ग्रोवर, हरदयाल सिंह कश्मीर सिंह, जरनैल सिंह, गुरप्रीत सिंह, बलविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह बग्गा, अजमेर सिंह, अवतार मोंगा, हरमीत ग्रोवर, अजमेर सिंह, गुरमीत मोंगा, विजय मक्कड़, मोहनलाल नारंग, काकू वधवा, रसप्रीत सिंह, सौरभ टुटेजा, अंकित नारंग सहित अनेक सेवादार नगर कीर्तन के दौरान सेवाएं दे रहे थे।

### फौजी बैंड ने करतब दिखाया

गुरुद्वारा के हजूरी रागी जत्था भाई देवेंद्र सिंह सहित अनेक संगत नगर कीर्तन में गुरु की बाणी का गुणगान करते हुए जा रही थी। इस दौरान फौजी बैंड भी करतब दिखा रहा था। गुरुद्वारा सिंह सभा के महासचिव महेंद्र सिंह वधवा ने बताया कि प्रकाश दिवस के उपलक्ष्य में ही बुधवार 5 नवंबर को गुरुद्वारा सिंह सभा में गुरमत समागम होगा, जिसमें कथावाचक भाई परमजीत सिंह निसिंग वाले, रागी जत्था भाई पुष्विंद्र सिंह पाऊंटा साहिब वाले, गुरुद्वारा जगजीवनपुरा के हजूरी रागी जत्था भाई देवेंद्र सिंह, मेन बाजार स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा के हजूरी रागी जत्था भाई हरविंद्र सिंह और गुरुद्वारा गुरुनानकपुरा के हजूरी रागी जत्था गुरमत विचार सांझे करेंगे तथा गुरुओं की बाणी से संगत को निहाल करेंगे। वधवा ने बताया कि इस दौरान गुरु का अटूट लंगर भी बरताया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 नवंबर की रात्रि को भी गुरुद्वारे में 8 बजे भी गुरु का दीवान सजाया जाएगा जोकि 12 बजे तक चलेगा।

### गुरुपर्व के उपलक्ष्य में निकाला नगर कीर्तन



सिरसा। गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के के उपलक्ष्य में मंगलवार को गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब से शहर में नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब से आरंभ हुआ। इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब को फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजमान किया गया। पालकी की अगुवाई पंज प्यारे कर रहे थे। नगर कीर्तन में पालकी के आगे महिला एवं पुरुष श्रद्धालु हाथों में झाड़ू लिए मार्ग पर सफाई करते हुए चल रहे थे। वहीं उसके आगे श्रद्धालुजन पानी का छिडक़ाव कर रहे थे। नगर कीर्तन में विभिन्न स्कूलों के बच्चे शब्द कीर्तन करते हुए चल रहे थे। अखाड़ा के युवाओं ने गतका का शानदार प्रदर्शन किया। नगर कीर्तन में गतका में युवाओं के साथ-साथ बच्चों ने भी शानदार करतब दिखाए। पालकी पीछे महिला श्रद्धालु शब्द कीर्तन करती हुई चल रही थी। नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर घंटाघर चौक, नोहरिया बाजार, लक्कड़ मंडी, जंडवाला मोहल्ला, काठ मंडी, बेगू रोड, हिसारिया बाजार, रोड़ी बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, सरदार जगदेव सिंह चौक, सरकूलर रोड, शिव चौक व सूरतगढिया बाजार होते हुए श्री गुरुद्वारा साहिब मेंपहुंचकर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन का शहर में विभिन्न जगहों पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। वहीं श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जगह जगह श्रद्धालुओं ने अनेक स्टालें लगाकर कीर्तन में शामिल संगत की सेवा की।

### क्रेसंट स्कूल में 'गुरु के उपदेशों पर चलने की प्रेरणा' के साथ गुरु पर्व समारोह का आयोजन



क्रेसण्ट स्कूल में गुरु पर्व गुरु नानक देव जी के जीवन के सत्य, समानता एवं सेवा जैसे उपदेशों के साथ बड़े ही हर्ष, उल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर भक्ति, संगीत एवं पवित्र वातावरण से गूंज उठा। इस अवसर पर कक्षा 9वीं एवं तृतीय के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से विशेष प्रातः सभा का आयोजन किया, जिसमें गुरु नानक देव जी के जीवन एवं उपदेशों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन अनुदीप, अवनीत एवं वृष्टि ने आत्मविश्वास के साथ किया। समारोह की शुरुआत 'चौपाई साहिब पाठ' से हुई, जिसे पलक और रमनीत ने बड़ी निष्ठा से प्रस्तुत किया। सुखमन के 'साखी साहिब श्लोक' के वाचन से पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया। अमानत ने गुरु नानक देव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके उपदेशों, नाम जपो, किरत करो और वंड छको, का महत्व बताया। जपलीन ने कविता 'श्री गुरु नानक जी प्रगटया, मिटी धुंध चांणन होया' सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।विद्यार्थियों ने 'ऊंचा दर बाबे नानक दा' नामक मधुर शबद गायन प्रस्तुत कर को भक्ति रस में डुबो दिया। कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों अभिजोत, साहिबजीत, गुरजोत, दक्ष, अक्षदीप एवं तरणजीत द्वारा प्रस्तुत गतका कला का प्रदर्शन अत्यंत आकर्षक रहा। 9वीं की छात्राओं कंगना, जन्नत, रुखाया, हर्षिका, अवनी, लीजा एवं गरिमा द्वारा प्रस्तुत नगर कीर्तन ने पूरे वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर दिया। खुशी ने ?श्री गुरु नानक देव जी के जीवन से संबंधित सामान्य ज्ञान के रोचक प्रश्न व तान्या ने प्रेरक उद्धारण सुनाकर सिख गुरुओं की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला।

### प्रकाशोत्सव पर नशा छुड़वाने का करवाया प्रण, निकाली प्रभात फेरी

फतेहाबाद। गांव हिजरावां कलां स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरूनानक देव जी का प्रकाश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने भाग लिया व अध्यक्षता सरपंच परमजीत कौर ने की। समारोह की शुरूआत प्रभात फेरी से की गई एवं जपजी साहिब का पाठ बड़ी श्रद्धा व विश्वास के साथ किया गया। गुरूद्वारे के पाठी भाई बलजीत सिंह ने अपनी टीम के साथ गुरूनानक देव जी का सम्पूर्ण परिचय दिया व शब्द कीर्तन किया। इस कार्यक्रम में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के बीच पेन्टिंग व निबंध प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें विजेता रहे विद्यार्थियों का पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। डीईओ संगीता बिश्नोई ने गुरूनानक देव जी के पदचिन्हों पर चलने का प्रण करवाया। सरपंच प्रतिनिधि कर्ण सिंह ढिल्लो ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रधानाचार्य डॉ. बलविन्द्र खुराना ने आए हुए अतिथियों व ग्रामीणों का स्वागत किया।



फतेहाबाद। हिजरावां कलां में किचन शैड का लोकार्पण करते डीईओ संगीता बिश्नोई। फोटो: हरिभूमि

### एकता और भाईचारे का संदेश दिया : फुलां



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में चेयरमैन वेद फुलां को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास। फोटो : हरिभूमि

फतेहाबाद। श्री गुरू तेग बहादुर जी की 350वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनोहर मैमोरियल कॉलेज में सेमिनार सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पंजाबी विभाग द्वारा इस कार्यक्रम का संचालन किया गया। 'श्री गुरू तेग बहादुर जी का जीवन और दर्शन' विषय पर आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि के तौर पर हरकोफेड के चेयरमैन वेद फुलां ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और मुख्यअतिथि का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य युवाओं को श्री गुरू तेग बहादुर जी के जीवन, उपदेशों एवं शहादत सम्बंधी जानकारी देना है। सेमिनार का संचालन पंजाबी विभागाध्यक्ष कैप्टन रजनी वर्मा ने किया। इसके अलावा कॉलेज में पंजाबी विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गई।

### श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर शब्द कीर्तन, सांसद ने लगाई हाजिरी

टोहाना। डांगरा रोड स्थित श्री राम ग्लोबल स्कूल में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में आध्यात्मिक वातावरण से ओत-प्रोत एक भव्य धार्मिक समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुखमणी साहिब जी का पाठ एवं शब्द कीर्तन दरबार सजाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गुरु की सच्ची संगत ने भाग लिया और गुरु के अटूट लंगर का आनंद उठाया। समागम की शुरुआत सुखमणी साहिब पाठ से हुई, जिसके उपरांत कथा वाचक भाई गुरविंद्र सिंह जी हजूरी रागी घमतान साहिब ने 'मिट्टी धुंध जग चानन होया' शब्द की व्याख्या करते हुए गुरु नानक देव जी के जीवन और उपदेशों का सार प्रस्तुत किया। इसके बाद देग प्रसाद एवं गुरु का अटूट लंगर संगत को वितरित किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने गुरु के दर पर माथा टेककर अपनी हाजिरी लगवाई और कहा कि गुरु नानक देव जी ने समानता, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने का जो संदेश दिया, वह आज भी मानवता के लिए प्रकाशपुंज है।



टोहाना। प्रकाश उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में लंगर प्रसाद लेते सांसद सुभाष बराला। फोटो: हरिभूमि

# करोड़ों की साइबर धोखाधड़ी, पुलिस ने की सावधान रहने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



एसपी सिद्धांत जैन।

प्रदेश में साइबर अपराध का एक नया और खतरनाक रूप सामने आया है। 'म्यूल अकाउंट्स' के माध्यम से हो रही ऑनलाइन ठगी ने आमजन के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। इस बढ़ते साइबर जोखिम को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों से विशेष सतर्कता और जागरूकता बरतने की अपील की है। एसपी जैन ने बताया कि साइबर ठग अब बेरोजगार युवाओं, छात्रों और नौकरी की तलाश में लगे लोगों को निशाना बना रहे हैं। मामूली पैसों या पार्ट-टाइम नौकरी का लालच देकर ये अपराधी लोगों से उनके बैंक खाते, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड, मोबाइल नंबर या यूपीआई आईडी की जानकारी हासिल कर लेते हैं। इसके बाद इन खातों का दुरुपयोग धोखाधड़ी के पैसों के लेनदेन, मनी लॉनड्रिंग और अंतरराष्ट्रीय साइबर नेटवर्क में किया जाता है। म्यूल अकाउंट वह बैंक खाता होता है जो किसी सामान्य नागरिक के नाम पर होता है, परंतु उसका उपयोग साइबर अपराधी अपने अवैध उद्देश्यों के लिए करते हैं।



फतेहाबाद। ई दिशा केंद्र में पेपरलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया की जानकारी लेते उपायुक्त।

### डीसी ने पेपरलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया का लिया जायजा

फतेहाबाद। डीसी डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित ई-दिशा तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया और वहां शुरू की गई पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने रजिस्ट्री प्रक्रिया के सभी चरणों को बारीकी से परखा और अधिकारियों से इसकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली नागरिकों के लिए सुविधा बढ़ाने के साथ-साथ सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपायुक्त ने रजिस्ट्री करवाने आए विक्रेताओं व खरीददारों से मुलाकात कर प्रक्रिया के बारे में फीडबैक लिया। नागरिकों ने इस डिजीटल प्रणाली को पारदर्शी, सरल और समय बचाने वाला बताते हुए हरियाणा सरकार का धन्यवाद किया।

### सांसद खेल महोत्सव खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर

फतेहाबाद। एमएम कॉलेज फतेहाबाद के खेल मैदान में आज सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ सिरसा लोकसभा के फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के तीनों खंडों फतेहाबाद, भुना व भट्टू में क्रिकेट एवं बॉक्सिंग मुकाबलों के साथ हुआ। उद्घाटन अवसर पर हरकोफेड चेयरमैन एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष वेद फुल्लां ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अपनी प्रतिभा को दिखाने और आगे बढने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। ब्लॉक स्तर से लेकर लोकसभा स्तर तक होने वाले इन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी न केवल कोच व खेल अधिकारियों की नजरों में आएंगे, बल्कि उन्हें आगे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का भी मौका मिलेगा।



फतेहाबाद। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हरकोफेड के चेयरमैन वेद फुल्लां।

# नगर कीर्तन यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा



फतेहाबाद। नगर कीर्तन यात्रा को लेकर तैयारियों की समीक्षा बैठक करते उपायुक्त।

- उपायुक्त ने तैयारियों की समीक्षा बैठक ली, दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में फतेहाबाद जिला में 17 नवंबर को नगर कीर्तन यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद यात्रा का ठहराव अरोड़वंश धर्मशाला फतेहाबाद में होगा। 18 नवंबर को यात्रा सुबह अहरवां होते हुए रतिया पहुंचेगी, जहां इसका रात्रि ठहराव रहेगा। इसके उपरांत 19 नवंबर को यात्रा कुलां से होते हुए भुना पहुंचेगी और वहीं ठहरेगी। 20 नवंबर को यह नगर कीर्तन यात्रा सनियाना होते हुए जींद जिले में प्रवेश करेगी। इस कीर्तन यात्रा के आगमन को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें अधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों और गुरुद्वारा प्रबंधक समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने इस अवसर पर नगर कीर्तन यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की और सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उपायुक्त ने बताया कि यह नगर कीर्तन यात्रा जिला में तीन दिनों तक रहेगी और विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा इसका स्वागत किया जाएगा। डॉ. विवेक भारती ने कहा कि इस यात्रा का आयोजन श्रद्धा, अनुशासन और मर्यादा के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, एसडीएम आकाश शर्मा, राजेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीईओ संगीता बिश्नोई, उपनिदेशक अमित पंवार, एचएसएमसी सदस्य इकबाल सिंह, काका सिंह, कर्मजीत सिंह, अमनप्रीत कौर, गुरुद्वारा सिंह सभा के महेंद्र वधवा सहित अनेक अधिकारी एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

## स्कूली विद्यार्थियों, कृषि विभाग की टीमों ने ग्रामीणों को किया जागरूक

# पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता, फसलों की पैदावार पर पड़ता है दुष्प्रभाव

पराली जलाने से भूमि, मानव जीवन, पर्यावरण व पशु पक्षियों को होने वाले नुकसान के बारे में अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा पराली जलाने की घटनाओं पर पूर्ण अंकुश के लिए जिला में तेजी से जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जागरूकता टीमों ने मंगलवार को जिला में नानुआना, धोतड़, खारियां, मल्लेकां, कुत्ताबढ़, बचेर, बाहिया, असीर में ग्रामीणों के साथ बैठक करके जागरूक किया। टीमों ने पराली जलाने से भूमि, मानव जीवन, पर्यावरण व पशु पक्षियों को होने वाले नुकसान के बारे में अवगत करवाया। साथ ही पराली प्रबंधन के फायदों के बारे में भी अवगत करवाया। इसके अलावा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, करीवाला के विद्यार्थियों ने गांव में जागरूकता रैली निकाली और ग्रामीणों को पराली न जलाने का आह्वान किया। कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. सुखदेव सिंह ने बताया कि पराली जलाने से जहां वातावरण प्रदूषित होता है, वहीं मिट्टी की उर्वरता और मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव पड़ते हैं। जिला प्रशासन द्वारा पराली प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा चुके हैं और किसानों को आधुनिक मशीनों के माध्यम से सहायता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से खेत की ऊपरी परत का तापमान बहुत बढ़ जाता है, जिससे मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीव और केंचुए व दूसरे मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं।



सिरसा। जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### समूचे समाज के स्वास्थ्य के लिए खतरा

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार लगातार पराली जलाने से खेत की मिट्टी कठोर हो जाती है, जिसके कारण फसल उत्पादन घटता है। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से भारी मात्रा में धुआं और जहरीली गैसें वातावरण में फैल जाती हैं। इससे वायु गुणवत्ता सूचकांक खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। इस मौसम में धुंध और स्मॉग की समस्या बढ़ जाती है, यह न केवल किसानों बल्कि समूचे समाज के स्वास्थ्य के लिए खतरा है। पराली का धुआं सांस संबंधी रोगों को बढ़ावा देता है। जिला नागरिक अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार, इस मौसम में खांसी, दमा, एलर्जी और आंखों में जलन के मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होती है। बुजुर्ग, बच्चे और गर्भवती महिलाएं इस प्रदूषण से सबसे अधिक प्रभावित होती हैं। धुएं और स्मॉग के कारण दृश्यता कम होने से सडक़ हादसों की संभावना बढ़ जाती है। जिला यातायात पुलिस ने बताया कि पराली जलाने के दौरान कई बार मुख्य मार्गों पर दृश्यता घट जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आती हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, हैप्पी सीडर, रोटावेटर जैसी मशीनें किसानों को सब्सिडी दरों पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इन मशीनों की मदद से पराली को खेत में मिलाकर जैविक खाद में बदला जा सकता है। इसके अतिरिक्त, पराली से बायोएनेर्जी और पशु चारे के रूप में भी उपयोग के प्रयास किए जा रहे हैं।